कार्यालयः उ0प्र0, लोक सेवा आयोग
संख्या-126/12/ई–4/2018–2019
प्रयागराज : दिनांक 07 फरवरी, 2019

विज्ञप्ति

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि सामान्य चयन परीक्षा–2017 तथा समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि विशेष चयन (बैकलाग) (मुख्य) परीक्षा–2017 जो लखनऊ जनपद में दिनांक 17, 18 व 20 फरवरी, 2019 को प्रथम सत्र में पूर्वाह्न 9.30 बजे से 12.30 बजे तक तथा द्वितीय सत्र में अपराह्न 2.00 बजे से 5.00 बजे अपराह्न तक (केवल सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र 9.30 बजे से 11.30 बजे तक) सम्पन्न होनी है के अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उन्हें प्रारम्भिक परीक्षा के आनलाइन आवेदन में किये गये दावों एवं मुख्य परीक्षा हेतु आनलाइन दी गयी सूचना के आधार पर औपबन्धिक रूप से प्रवेश दिया जा रहा है। यदि वे पद हेतु निर्धारित अर्हता आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 30.01.2018 तक धारित करते हो तभी परीक्षा में सम्मिलित हो, अन्यथा बाद में परीक्षण के दौरान अनर्ह पाये जाने पर उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। अभ्यर्थी उक्त परीक्षा का प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in से डाउन लोड कर प्राप्त कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पर फोटो मुद्रित न हो वे आई.डी. प्रूफ की मूल प्रति एवं दो छाया प्रति तथा पासपोर्ट साइज के दो फोटोग्राफ लेकर सम्बन्धित केन्द्र पर उपस्थित हो अन्यथा उन्हें परीक्षा में प्रवेश नही दिया जायेगा।

7/2/19

(अंजू कटियार)
परीक्षा नियंत्रक।